**Need to ensure participation of local Member of Parliament for utilization of CSR fund.-laid**

श्री छोटेलाल (राबर्ट्सगंज) **:** मेरे संसदीय क्षेत्र रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र में खनन गिट्टी, बालू सैकड़ो जगह पर बड़े पैमाने पर होता है । जिसमें CSR के तहत साल में लगभग 100 करोड़ से ज्यादा रुपया आता है । उस पैसे से 70% खनन क्षेत्र और 30% अन्य जगहों पर विकास कार्य करना है मगर केंद्र सरकार, राज्य सरकार के द्वारा जिलाधिकारी से संचालित होता है वही अध्यक्षता करते हैं । मगर जिलाधिकारी के पास CSR के अलावा तमाम विभाग का कार्य रहता है जिसके वजह से CSR के पैसा पर ध्यान नहीं देते हैं । इसलिए CSR के फण्ड के उपयोग हेतु स्थानीय सांसद को अध्यक्षता करने की अनुमति दी जाए ताकि सुचारू रूप से विकास हो सके ।